# गजानन के गुण गाये जा तू सोये भाग्य जगाये जा लिरिक्स

गजानन के गुण गाये जा,
तू सोये भाग्य जगाये जा,
सुख दु:ख सारे भूल उन्हीं का,
ध्यान लगाये जा,
गजानन के गुण गायें जा,
तू सोये भाग्य जगाये जा।bd।

---

पिता है इनके महादेव,
और पार्वती जी माता है,
रिद्धि सिद्धि के प्राणप्रिय,
और कार्तिकेय जी भ्राता है,
इन्हें समझ तू भी अपना,
इनको अपनाये जा,
गजानन के गुण गायें जा,
तू सोये भाग्य जगाये जा।bd।

---

ये शुभ गुण शुभ सदन,
और शुभधाम प्रभु कहलाते है,
चरण सहारा जिसे मिले,
उसके सब दुख मिट जाते है,
पूजा कर इनकी तू भी,
सब कष्ट मिटाये जा,
गजानन के गुण गायें जा,
तू सोये भाग्य जगाये जा।bd।

---

गजानन के गुण गाये जा,
तू सोये भाग्य जगाये जा,
सुख दु:ख सारे भूल उन्हीं का,
ध्यान लगाये जा,
गजानन के गुण गायें जा,
तू सोये भाग्य जगाये जा।bd।

गायक / प्रेषक – मनोज कुमार खरे।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com